बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे | By Mukesh Bagda

बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे
के वो तो मौज करे जो आया इनके द्वारे
बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे

करते कमाल ये तो सब ने ही जाना है
संकट मोचन जिनको दुनिया ने माना है
लगे श्री राम को भी ये ही सबसे प्यारे
बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे

नाम की महिमा भी इनकी बड़ी भरी है
सुनते ही दूर भागे बलाएँ जो सारी है
मुसीबत आये कभी बस मन से इन्हे पुकारे
बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे

कर दिया वीर बली ने कोई कर ना पाया है
लाखों करिश्मे इनके कोई ना भुलाया है
के पापी बड़े बड़े पल में कई संहारे
बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे

अब तो समझो भैया ये ही सहारे हैं
रिश्ते नाते झूठे सारे ये ही हमारे हैं
शरण में तू भी आ, पन्ना क्या खड़ा बिचारे
बजरंगी हनुमान बिगड़े काम सँवारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%ae-2/